Regarding need to expedite reconstruction works of Sion Bridge in Mumbai-Laid

प्रो.वर्षा एकनाथ गायकवाड़(मुम्बई उत्तर-मध्य) : मुंबई में 110 साल पुराना सायन पुल, जो धारावी, बांद्रा और एलबीएस रोड को सायन के पूर्वी हिस्से से जोड़ता है, ध्वस्तीकरण और पुनर्निर्माण के लिए 1 अगस्त 2024 से बंद कर दिया गया है । इस कार्य का संचालन केंद्रीय रेलवे और बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) के समन्वय से किया जा रहा है, जिसकी कुल लागत 51 करोड़ रुपये है । यह नया पुल 31 जुलाई 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है । पुल के बंद होने से मुंबई में यातायात संबंधी गंभीर समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं, जिसके कारण बड़े पैमाने पर यातायात जाम की स्थिति बनी है । पुल के आसपास के क्षेत्रों में 3-4 स्कूल स्थित हैं, जिससे विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में कठिनाइयाँ हो रही हैं, उनका समय व्यर्थ हो रहा है । धारावी और सायन के आसपास की सड़कों पर नो-पार्किंग ज़ोन लागू होने से स्थानीय निवासियों और यात्रियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है । यह पुल मुंबई के यातायात नेटवर्क का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसके बंद होने से धारावी जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र के नागरिकों को अत्यधिक परेशानी हो रही है । मैं सरकार से आग्रह करती हूँ कि इस पुनर्निर्माण कार्य को प्राथमिकता देते हुए इसे निर्धारित समय सीमा से पहले पूरा किया जाए ।